# शाह ने ग्रोथ समिट के लिए सीएम की मेहनत को सराहा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 25 दिसंबर. मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज अपनी योग्यता अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के सफल आयोजन से दर्शा दी। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी इस ग्रोथ से प्रभावित दिखे.**

श्री शाह ने मुख्यमंत्री डा यादव की आधा दर्जन से अधिक बार तारीफ की. उन्होंने यहां तक कह दिया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो 20 वर्षो से किया, उससे कहीं ज्यादा भव्य और सफल आयोजन मुख्यमंत्री डा यादव ने मात्र 2 वर्षो में ही कर

### प्रदेश के संतुलित विकास पर दिया है ध्यान

दिखाया. मंत्री शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डा यादव ने प्रदेश के संतुलित विकास पर ध्यान दिया है, जितनी रुचि वह मालवा , विंध्य में विकास और रोजगारपरक कार्यो में ले रहे है, वह उससे ज्यादा रुचि ग्वालियर-चंबल अंचल में भी ले रहे हैं. केन्द्रीय गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री डा यादव को बार बार अभ्युदय ग्रोथ समिट की व्यापकता और उसकी सफलता पर बधाई दी.

श्री शाह अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में आई भीड को देखकर




भी प्रभावित दिखे. एक अनुमान के अनुसार लगभग 60 हजार लोग एकत्रित थे. मुख्यमंत्री डा यादव ने भी अपने उदबोधन में केन्द्रीय गृहमंत्री शाह की जमकर तारीफ की. अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट के सफल आयोजन और श्री शाह द्वारा की गई तारीफ से मुख्यमंत्री डा यादव प्रसन्नचित्त दिखाई दिये. वह अमित शाह द्वारा की गई तारीफ पर लगातार हाथ जोड़े रहे. इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश के विकास की समग्र तस्वीर 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट' के जरिए प्रस्तुत हुई है. उद्योग के साथ पर्यटन, नगरीय विकास और एमएसएमई के क्षेत्र में विकास प्राथमिकता रहेगी. 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट' मध्यप्रदेश के विकास मॉडल को एक नए और व्यापक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास है. यह आयोजन केवल निवेश प्रस्तावों और औद्योगिक घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस समग्र सोच को सामने लाता है, जिसमें उद्योग, नगरीय विकास, पर्यटन, एमएसएमई, स्टार्ट-अप और रोजगार एक साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देते हैं.

> स्मार्ट सिटी पहलों के जरिए बेहतर सड़कों, सार्वजनिक सेवाओं, डिजिटल सुविधाओं और शहरी प्रबंधन को मजबूती मिल रही है, जिससे शहरी जीवन की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है. नगरीय क्षेत्रों में जलप्रदाय, सीवरेज और हरित क्षेत्र विकास से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं को चलाया गया है. इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल आधारभूत ढांचा विकसित करना नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए शहरी विस्तार को सुव्यवस्थित करना है. स्वच्छ जल आपूर्ति, बेहतर सीवरेज व्यवस्था और हरित क्षेत्रों का विकास शहरों को निवेश और रोजगार के लिए अधिक अनुकूल बना रहा है. उन्होंने कहा कि ग्वालियर में हुई यह समिट राज्य की उसी संतुलित और यथार्थवादी विकास सोच का सजीव उदाहरण बनकर सामने आई है. गृह मंत्री अमित शाह ने ग्वालियर व्यापार मेले और अटल म्यूजियम का शुभारंभ किया. इसके बाद मंच से 2 लाख करोड़ रुपए की औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन और लोकार्पण भी किया. इसमें 1655 औद्योगिक इकाइयां है.

## एक नजर में

### हनीट्रैप मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

देवास. हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग के एक चर्चित मामले में लंबे समय से फरार चल रही शातिर आरोपी परिधि नामदेव को नाहर दरवाजा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी न्यायालय में आत्मसमर्पण करने जा रही थी, लेकिन इससे पहले ही पुलिस को सूचना मिल गई और उसे रास्ते में धरदबोच लिया गया. पुलिस के अनुसार, आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 28 दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया है. फिलहाल उससे गहन पूछताछ की जा रही है. गौरतलब है कि ग्राम राजौदा निवासी भावेश ठाकुर ने इस मामले में परिधि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी. वह भावेश को ब्लैकमेल कर रही थी.

### अंतरराष्ट्रीय कंपनियों की नई पसंद बन रहा उज्जैन

उज्जैन. उद्योग-अनुकूल नीतियों के चलते उज्जैन अंतरराष्ट्रीय कंपनियों की नई पसंद बनकर उभर रहा है. अमेरिका सहित कई देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी, देवास औद्योगिक क्षेत्र और आगर मालवा औद्योगिक पार्क में अपने प्लांट स्थापित किए हैं, जहां निर्मित सामग्री का विदेशों को निर्यात भी किया जा रहा है. अमेरिका, जर्मनी, जापान और अनेक देशों की नामी कंपनियों ने यहां स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में प्लांट स्थापित किए हैं.

## अमित शाह के पास है लौहपुरुष सरदार पटेल जैसी क्षमता : सिंधिया

**ग्वालियर. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्य प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यहां आयोजित 'अभ्युदय मध्य प्रदेश' कार्यक्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व की सराहना की.**

मंत्री सिंधिया ने सरकार की उपलब्धियों के आंकड़े प्रस्तुत किए और बताया कि डॉ मोहन यादव सरकार के नेतृत्व में प्रदेश अभूतपूर्व गति से समावेशी विकास के पथ पर अग्रसर है. उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर केवल एक तिथि नहीं, बल्कि सुशासन, विचार और राष्ट्रसेवा की परंपरा का प्रतीक है. जहाँ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति



और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार होते सुशासन का समन्वय दिखाई देता है. श्री सिंधिया ने श्री शाह के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके निर्णयों में अटल जी के विचारों एवं आदर्शों के साथ लौहपुरुष सरदार पटेल की दृढ़ता और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने का भाव स्पष्ट रूप से झलकता है.

## एक वर्ष में करोड़ों रुपए का नशीला पदार्थ जब्त

शिवपुरी. जिले में वर्ष 2025 के दौरान पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये मूल्य की नशीली सामग्री, शराब और हथियार जब्त किए हैं. पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि वर्ष 2025 में पुलिस ने 6 करोड़ 21 लाख रुपये मूल्य का 30 किलो से अधिक चरस, 2 करोड़ 39 लाख रुपये की 1 किलो 347 ग्राम स्मैक, लगभग 1 करोड़ रुपये मूल्य का 914 किलो से अधिक गांजा तथा 1 करोड़ 5 लाख रुपये मूल्य की 38 हजार 658 लीटर अवैध शराब जब्त की है. इसके अलावा पुलिस ने अपहरण, हत्या और अन्य आपराधिक मामलों में भी त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

## मध्यप्रदेश में बढ़ी कड़ाके की ठंड

### पचमढ़ी में पारा 4 डिग्री से नीचे

**भोपाल, 25 दिसंबर. मध्यप्रदेश में कोहरे का असर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है, लेकिन कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है.**

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में सर्दी और तेज होने की संभावना है. ऐसे में नए साल के जश्न के लिए पचमढ़ी का रुख करने वाले पर्यटकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की



सलाह दी गई है. प्रदेश का दूसरा सबसे ठंडा क्षेत्र शहडोल जिले का कल्याणपुर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. ग्वालियर और चंबल संभाग में भी ठंड का असर तेज होता जा रहा है. बीते 24 घंटों के दौरान ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान में करीब 3.6 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई, जबकि अन्य संभागों में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं देखा गया.

> मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहा. अधिकतम तापमानों में भी सभी जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ और तापमान सामान्य के आसपास बना रहा. वहीं, शहडोल संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से करीब 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया, जबकि बाकी संभागों में यह सामान्य रहा. कोहरे का असर ट्रेनों और सड़कों पर अभी भी बना हुआ है. दिल्ली से भोपाल, उज्जैन और इंदौर के बीच चलने वाली कई ट्रेनें पिछले एक सप्ताह से 5 से 8 घंटे की देरी से पहुंच रही हैं.

## ट्रेन में चढ़ते समय महिला का पैर फिसला,दरवाजे के हैंडल से लटकी

नवभारत न्यूज

रतलाम। चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक महिला का पैर फिसल गया। इससे वह ट्रेन में आने वाली थी। रेलवे सुरक्षा बल की सूझबूझ एवं साहस से एक महिला यात्री की जान बचाई गई ।यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल द्वारा निरंतर सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाई जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को रेलवे स्टेशन रतलाम के प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर रेलवे सुरक्षा बल की सूझबूझ एवं साहस से एक महिला यात्री की जान बचाई गई। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 04002 नई दिल्ली-मुंबई सेंट्रल स्पेशल के रतलाम स्टेशन से प्रस्थान करने लगी, उसी दौरान एक महिला यात्री द्वारा स्लीपर कोच एस-3 में चलती ट्रेन में चढ़ने का



प्रयास किया गया। ट्रेन की गति बढ़ने पर महिला यात्री कोच के दरवाजे पर लगे हैंडिल से लटकती हुई नीचे घसीटती हुई दिखाई दी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए ऑन ड्यूटी हेड कांस्टेबल चंद्रकांत तिवारी ने अत्यंत साहस, निडरता एवं त्वरित सूझबूझ का परिचय देते हुए महिला यात्री का हाथ ट्रेन के हैंडिल से छुड़वाया। उसी समय हेड कांस्टेबल नरेंद्र राठौड़ द्वारा तत्परता से महिला यात्री को ट्रेन के नीचे जाने से पहले बाहर खींचकर सुरक्षित स्थान पर ले आए। ऑन ड्यूटी उपनिरीक्षक श्रद्धा ठाकुर द्वारा महिला यात्री को सहानुभूति पूर्वक समझाइश दी गई तथा चलती गाड़ी में न चढ़ने के लिए जागरूक किया गया, क्योंकि इससे जान को गंभीर खतरा हो सकता है।

### सतर्कता से बची जान

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि इस घटना में महिला यात्री पूर्णत: स्वस्थ एवं सुरक्षित है। ऑन ड्यूटी हेड कांस्टेबल नरेंद्र राठौड़ एवं चंद्रकांत तिवारी द्वारा कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता एवं सटीक निर्णय के कारण एक अनमोल जीवन की रक्षा संभव हो सकी। यह कार्य 'ऑपरेशन जीवन रक्षा' के अंतर्गत अत्यंत सराहनीय है ।यात्री ने अपनी जान बचाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल/रतलाम का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया।

### चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें

**पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने अपील की है कि चलती गाड़ी में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें, इससे न केवल आपकी बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी प्रभावित होती है।**

## ग्रामीण क्षेत्रों की जरुरतें पूरी नहीं हुई

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 25 दिसंबर. पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री कमलेश्वर पटेल ने गुरुवार को आरोप लगाया कि बीते दो वर्षों में राज्य सरकार ग्रामीण मध्य प्रदेश की जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है.**

कांग्रेस नेता पटेल ने कहा कि कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कारण प्रमुख कल्याणकारी एवं विकास योजनाएँ धराशायी हो गई हैं. प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि ग्रामीण विकास की रीढ़ मानी जाने वाली प्रमुख योजनाओं को 'सुनियोजित ढंग से कमजोर किया गया '. उन्होंने महात्मा गांधी



राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उल्लेख करते हुए दावा किया कि राज्य में पंजीकृत श्रमिकों में से एक प्रतिशत को भी 100 दिन का पूर्ण रोजगार नहीं मिला, जो ग्रामीण मजदूरों के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है.

पटेल ने प्रधानमंत्री द्वारा मध्य प्रदेश की महिलाओं को 179 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने की हालिया घोषणा पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि यह राशि वास्तव में लाभार्थियों के खातों में नहीं पहुँची, बल्कि यह केवल राजनीतिक प्रचार तक सीमित रही.

राज्य आजीविका मिशन की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि दो प्रतिशत से भी कम महिलाओं को रोजगार उपलब्ध हो पाया है.

## साइबर धोखाधड़ी पर हो त्वरित कार्रवाई

### प्रदेश में ई-जीरो एफआईआर प्रणाली लागू

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 25 दिसंबर. साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए मध्यप्रदेश में ई-जीरो एफआईआर प्रणाली लागू कर दी गई है.**

यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'साइबर सुरक्षित भारत' के विज़न के अनुरूप है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू की गई इस व्यवस्था के साथ ही मध्यप्रदेश, दिल्ली के बाद देश का दूसरा राज्य बन गया है जहाँ ई-जीरो एफआईआर प्रणाली लागू की गई है. ई-जीरो एफआईआर सुविधा का उद्देश्य 1 लाख से अधिक की



साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है. इस डिजिटल प्रणाली के माध्यम से एफआईआर स्वत: दर्ज हो जाती है, जिससे क्षेत्राधिकार से जुड़ी देरी समाप्त होती है और जांच तुरंत प्रारंभ हो पाती है. इस व्यवस्था का औपचारिक शुभारंभ ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के दौरान किया गया, जहाँ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसका उद्घाटन किया और पहली ई-जीरो एफआईआर की प्रति मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपी.

## सतवास मामले में पति पत्नी पर प्राथमिकी दर्ज

देवास। सतवास में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान बवाल के बाद देर शाम हुई मारपीट और हवाई फायर की घटना में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। सतवास थाना पुलिस ने नारायण सोनी और उसकी पत्नी रानी सोनी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। फरियादी निखिल राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 दिसंबर की शाम नारायण सोनी ने उनके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि रानी सोनी ने लोगों को भयभीत करने के उद्देश्य से हवाई फायर किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बना। क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान बवाल की स्थिति बनी थी.

## स्टेशनों पर गूंजेगी साहिबजादों की शहादत

**भोपाल, 25 दिसंबर. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल वीर बाल दिवस के अवसर पर 26 दिसंबर को सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के वीर साहिबज़ादों की शहादत को श्रद्धापूर्वक याद करेगा.**

इस अवसर पर मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर दृश्य एवं श्रव्य माध्यमों से साहिबज़ादों की अद्वितीय वीरता, साहस और बलिदान को दर्शाया जाएगा.

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में स्टेशन परिसरों में एलईडी स्क्रीन, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, उद्घोषणा प्रणाली और सूचना पटल के माध्यम से ऐतिहासिक घटनाओं का प्रसारण किया जाएगा. इसके



### साहिबजादों की शहादत के बारे में यात्री जानेंगे

### नई पीढ़ी को इतिहास से जोड़ने की पहल

जरिए यात्रियों को कम उम्र में धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए साहिबज़ादों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान से अवगत कराया जाएगा.

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यह आयोजन यात्रियों, विशेषकर युवाओं को राष्ट्र की गौरवशाली विरासत और नैतिक मूल्यों से प्रेरित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है. साहिबज़ादों ने अत्याचार और अन्याय के सामने झुकने के बजाय साहस, आत्मसम्मान और कर्तव्य पथ को अपनाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी.

रेलवे स्टेशनों पर आयोजित इस कार्यक्रम को यात्रियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है. यात्रियों ने इसे प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि इससे नई पीढ़ी को देश के इतिहास और बलिदान की भावना से जोड़ा जा सकता है.


> पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के इस पहल का उद्देश्य न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, बल्कि राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक मूल्यों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना भी है. ऐसे आयोजनों से यात्रियों में देशभक्ति, नैतिकता और इतिहास के प्रति सम्मान की भावना मजबूत होती है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया जा सकता है.

**समारोह** | अमित शाह ने जैविक और प्राकृतिक खेती का प्रयोग 33 साल पहले किया था : यादव

## सरकार जैविक खेती के लिए लगातार प्रयासरत

**रीवा, 25 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि उनकी सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. रीवा जिले के बसामन मामा गौ वन्य विहार अभयारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे.**

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 33 साल पहले सफलतापूर्वक जैविक और प्राकृतिक खेती का प्रयोग किया था. हमारी सरकार प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. खेती के साथ-साथ किसान की



आय बढ़ाने के लिए दूध उत्पादन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. प्रदेश का दुग्ध उत्पादन अगले 5 सालों में 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है. इसके लिए हम घर-घर में गौपालन को बढ़ावा देने के लिए गोपाल बनाएंगे. आज अटल जी का जन्मदिन है. जिन्होंने हमारी पार्टी की नींव रखी. केंद्रीय गृहमंत्री के नेतृत्व में हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनी. सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आज का दिन रीवा के लिए गौरव का दिन है. अटल जी के जन्मदिन पर प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ किया गया है. सुशासन अटल जी की विचारधारा थी.

इसे मध्यप्रदेश में हमारी सरकार ने अमलीजामा पहनाया है. केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के संकल्प से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिला है. इसे अपनाकर किसान समृद्ध होंगे और हम सबका स्वास्थ्य भी बेहतर होगा. बसामन मामा में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प की जो शुरुआत हुई है उसकी गूंज दूर तक जाएगी.

> समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्राकृतिक खेती के संकल्प से बसामन मामा गौ अभयारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प को जन्म दिया. यहां किसानों को प्रशिक्षण देकर प्राकृतिक खेती को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है. रीवा को हम प्राकृतिक खेती में अव्वल जिला बनाएंगे. बसामन मामा गौ अभयारण्य बेसहारा गायों को आश्रय देने के साथ प्राकृतिक खेती के मॉडल के रूप में विकसित हो रहा है. केंद्रीय गृहमंत्री ने यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नक्सलवाद का सफाया किया है. आपकी लौह पुरुष जैसी कार्यशाली से अनेक कठिन लक्ष्य प्राप्त किए गए हैं. विंध्य की धरा पर गृहमंत्री का आगमन गौ माता के आशीर्वाद से ही हुआ है.

## हर दिन बदल रहा सोयाबीन का मॉडल रेट

भोपाल. प्रदेश में सोयाबीन बेचने वाले किसानों के लिए प्रतिदिन मॉडल रेट जारी किया जा रहा है, शुक्रवार को 4235 रुपये प्रति क्विंटल का रेट जारी किया गया है. सबसे बड़ी बात ये कि भावांतर योजना के तहत जब से मॉडल रेट जारी किया गया है, तब से लेकर अब तक मॉडल रेट में 300 रुपये के बीच ही अधिकतम और न्यूनतम रेट के बीच अंतर बना हुआ है.

ये मॉडल रेट एक बार भी 4300 रुपये प्रति क्विंटल पर नहीं पहुंच सका है, इसी तरह ये 4000 रुपये प्रति क्विंटल से नीचे भी नहीं गया है. सोयाबीन के लिये सबसे पहले सात नवंबर को मॉडल रेट जारी किया गया था, उस दिन 4020 रुपये प्रति क्विंटल रेट तय किया गया था. उसके बाद से ये रेट लगातार ऊपर ही बना हुआ है,

## भारत माता की आरती कर किया हिन्दू सम्मेलन कार्यालय का शुभारंभ

जावरा। नगर में होने वाले हिंदू सम्मेलनों में 11 जनवरी को केदारनाथ बस्ती मे सम्मेलन होगा। इस हिंदू सम्मेलन के कार्यालय का उद्घाटन विभाव संघचालक तेजराम मांगरोदा, नगर संघचालक धर्मेदसिंह सिसोदिया, नगर कार्यवाह आकाश भावसार एवं हिंदू सम्मेलन संयोजक गोवर्धन पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मोके पर वक्ताओं ने कहा कि हिंदू सम्मेलन किसी एक व्यक्ति या संगठन तक सीमित नहीं बल्कि इसका उद्देश्य संपूर्ण हिंदू समाज को एक मंच पर एकत्रित करना है, उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आवश्यकता है कि हिंदू समाज अपनी सांस्कृतिक विरासत सामाजिक एकजुट और राष्ट्र के प्रति दायित्व को संगठित रूप में प्रस्तुत करें वक्ताओं ने महाभारत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को मोह नाश करने के लिए विराट स्वरूप का दर्शन कराया था उसी प्रकार आज समाज के समक्ष हिंदू एकता का विराट स्वरूप प्रस्तुत करना समय की मांग है

**धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे :** हिंदू सम्मेलन की मुख्य जानकारी देते हुए बताया गया की 11 जनवरी को प्रात: 11 बजे से मठ मंदिर नया मालीपुरा में एकत्रित होकर केदारनाथ बस्ती के सभी हिंदू परिवार को आमंत्रित किया गया है इस दौरान हिंदू समाज की एकता सांस्कृतिक चेतना सामाजिक समरसता राष्ट्र निर्माण में भूमिका तथा भावि कार्य योजना पर विचार विमर्श किया जाएगा साथ ही सामूहिक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।